वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत)

वस्त्र अयुक्त, बम्बई द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के अनुसार दिनांक 30-3-1992 के अतारांकित प्रश्न सं० 4435 के उत्तर में निर्दिष्ट 59-59 (उनसठ) मिलों की सूची में से मध्य प्रदेश में अभी तक (7) कताई एककों की स्थापना यार्न का उत्पादन करने के लिए की गई हैं। इनके ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :

क्रम संख्या	एकक का नाम	जिला
1	हिन्द सिन्टैक्स लि०	देवास
2	इण्डो-रामा एक्सपोर्टस्	धार
3	सत्तल वूलन (प्रा०) लि०	धार
4	अशोक वूलन मिल्स	इंदौर
5	डी एम वूलन मिल्स (प्रा०) लि०	इंदौर
6	दीपक वूलन मिल्स	देवास
7	वूलवर्थ (इंडिया) लि०	रायपुर

(शत प्रतिशत निर्यातोन्मुख एकक योजना के अन्तर्गत)

जूट का निर्यात आयात

428. **श्री अजीत जोगी :**

श्री राजूभाई ए० परमार :

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1988–89, 1989–90, 1990–91 के दौरान और जनवरी, 1992 तक कितनी मात्रा में जूट का निर्यात और आयात किया गया था ; और

(ख) तत्संबंधी आय और व्यय का ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) : (क) और (ख) भारतीय पटसन निगम द्वारा वर्ष 1988–89, 1989–90, 1990–91 और 1991–92 (जनवरी 1922 तक) के दौरान आयात एवं निर्यात किये गये पटसन की मात्रा और उस पर हुए व्यय और आय के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं : —

मात्रा : हजार गांठों में
प्रति गांठ 180 कि० ग्रा०
मूल्य रु० 1 लाख

वर्ष	आयात	निर्यात	व्यय	निवल लाभ
1988–89	–	21.55	256.70	1.64
1989–90	–	28.11	374.86	1.80
1990–91	–	56.35	986.53	11.49
1991–92 (जनवरी, 92तक)	–	–	–	–